
हरिभूमि 24 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

# सरगुजा-कोरिया भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, शनिवार, 15 जून 2024



बिलासपुर संस्करण के 24 वां स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...






























हरिभूमि 24 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

# सरगुजा-कोरिया भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, शनिवार, 15 जून 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

**प्रवेश सूचना**

BMLT (3 years) | DMLT (2 years)
DXRT (2 years) | O.T. (1 years)
D.Pharma (2 years) | Ophthalmic ass. (2 years)

साव्या इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000

**ए.के. पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट**

BMLT | DMLT | D.Pharma | BPT
OT Technician | X-Ray Technician

पुराना नर्सिंग कॉलेज, नावापारा, अम्बिकापुर (छ.ग.)
7772963125, 9039511123

## 6 करोड़ की राशि पेंडिंग, शहर के 24 वार्डों में सफाई व्यवस्था ठेके पर

# नगर निगम ने ठेके पर संचालित सफाई व्यवस्था का एक वर्ष से नहीं किया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- कभी भी ठप हो सकती है व्यवस्था

शहर में ठेके पर संचालित सफाई व्यवस्था कभी भी ठप हो सकती है। ऐसा इस लिए क्यों कि नगर निगम पिछले एक साल से ठेकेदारों को भुगतान नही कर पाया है। सफाई कार्य का लगभग 6 करोड़ रुपए बकाया बताया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि अधिकारियों द्वारा शासन को समय बिल बनाकर मांग पत्र ही नही भेजा जाता है। ऐसे में वहीं शासन से भी निगम को राशि मिलने में देरी हो रही हैं। ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले समय में सफाई व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो जाएगी। बता दें कि शहर के 48 वार्डों में सफाई कार्य का जिम्मा दो भागों में बंटा हुआ है। शहर के 24 वार्डों की सफाई का कार्य नगर निगम के सफाई कर्मियों द्वारा किया जाता है जबकि बाकी 24 वार्डों में सफाई कार्य ठेका प्रथा से संचालित है। नगर निगम के लगभग 100 कर्मचारियों के अलावा ठेकेदारों के 100 कर्मचारी शहर के सड़क, नालियों की सफाई का काम करते है लेकिन हैरानी की बात यह है कि पिछले 1 साल से नगर निगम ठेकेदारों का भुगतान ही नहीं किया गया है। इस दौरान ठेकेदार किसी तरह व्यवस्था बनाकर काम करते रहे लेकिन हाल ही में भुगतान नहीं होने से नाराज ठेकाकर्मियों ने हड़ताल के एलान कर दिया था जिससे बारिश से ठीक पहले सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई थी। इस दौरान किसी तरह समझाइस देकर मामला शांत कराया गया लेकिन यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में कभी भी सफाई व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। यदि ठेकेदार ने अपने हाथ खड़े कर दिए तो 24 वार्डों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाएगी। भुगतान नहीं होने के कारण निगम के जनप्रतिनिधि भी ठेकेदार पर सफाई के लिए दबाव नहीं बना पा रहे है।


नाली सफाई करते कर्मचारी।

### विभाग की ओर से ही नही भेजा गया प्रस्ताव

हैरानी की बात तो यह है कि ठेकेदारों के बिल भुगतान के लिए बिल मांग पत्र बनाकर समय समय पर शासन को भेजना होता है लेकिन नगर निगम के अधिकारियों द्वारा साल भर में एक बार बिल बनाकर भेजा जाता है ऐसे में राशि अधिक होने के कारण शासन से भी स्वीकृति मिलने में दिक्कत होती है। नियमतः यदि समय समय पर बिल का मांग पत्र बनाकर शासन को भेज दिया जाता तो राशि मिलने में भी शायद दिक्कत नहीं होती। वर्तमान में भी नगर निगम द्वारा लगभग 6 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जा रहा है लेकिन इतनी बड़ी राशि एक बार में स्वीकृत होगी ऐसा संभव नजर नहीं आ रहा है।

### वार्डों से निकाला गया 50 ट्रैक्टर कचरा

बारिश के मद्देनजर शहर के वार्डों में विशेष अभियान चलाकर नगर निगम द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। ननि के सफाईकर्मी नियमित रूप से वार्डों में मौजूद छोटे व बड़े नालों की सफाई कर रहे है। इस दौरान वार्डों से अब तक 50 ट्रैक्टर से अधिक कचरा निकाला जा चुका है जबकि अभी भी वार्डों में सफाई का अभियान जारी है। हालांकि ठेका व नियमित सफाईकर्मी बिना वेतन के ही अपना काम कर रहे है लेकिन आने वाले समय में निगम को सफाई के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है और इसका सीधा असर नगर निगम की जनता पर पड़ेगा।

### भेजा जा रहा है प्रस्ताव

भुगतान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। बीच में लोकसभा चुनाव से पहले कुछ राशि आई थी जिसके बाद उनके भुगतान किया गया था लेकिन फिलहाल एक वर्ष का भुगतान शेष है। प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिए गए है।

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर

# अपने बिस्तर पर सोने से नाराज पुत्र ने पिता को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बेदम पिटाई से हुई मौत, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिस्तर पर सोने से नाराज बेटे ने पिता की बेदम पिटाई कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले में आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम सलका पतराटोली निवासी 75 वर्षीय टनू यादव आ. स्व. जगन यादव अपने पुत्र महेश यादव व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहता था। 13 जून की सुबह 5 बजे मृतक की पोती प्रिया यादव को उसकी गांव की सहेली ने फोन कर बताया कि उसके दादा की मौत हो गई है। ऐसे में सूचना मिलने पर जब युवती अपने गांव पहुंची तो उसके दादा का शव घर की परछी में रखा हुआ था। इसके साथ ही मृतक के शरीर पर चोट के निशान थे और घुटनों से भी खून निकल रहा था। ऐसे में उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि मृतक का पुत्र महेश यादव शराब पीकर अपने पिता से मारपीट करता था और एक माह पूर्व घर से भगा दिया था। ऐसे में पुलिस द्वारा संदेही महेश यादव की तलाश की जा रही थी। इसके साथ ही पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया। मामले में जांच के दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर 46 वर्षीय महेश यादव उर्फ गुड्डू आ. टनू यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि घटना दिवस की रात मृतक टनू यादव उसके बिस्तर पर सोया हुआ था और बार बार कहने पर भी खाना नहीं खा रहा था। जब महेश यादव ने पिता को अपने बिस्तर पर जाने के लिए बोला तो वह नहीं उठा ऐसे में आक्रोशित पुत्र ने पिता की लात मुक्के से बेदम पिटाई कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में आरोपी पुत्र महेश यादव को धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त कार्रवाई में थाना दरिमा से सउनि से बैजनाथ राम, महेन्द्र सिंह, आरक्षक अभय चौबे, जगेश्वर बघेल, संजय केरकेट्टा, सोहन राजवाड़े शामिल रहे।



## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत सामान्य सभा 20 को

**अंबिकापुर**। जनपद पंचायत अंबिकापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 20 जून को दोपहर 1.30 बजे से कार्यालय जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने जनपद पंचायत अम्बिकापुर की अध्यक्ष श्रीमती ननकी सिंह, उपाध्यक्ष बिशुन दास, जनपद पंचायत के सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने की बात कही है। बैठक में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पीएमएवाईजी, एसबीएम, मनरेगा, एनआरएलएम, 15वें वित्त आयोग, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत, पेंशन एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### सीईओ ने क्रेडा व पीएचई के अधिकारियों को लगाई फटकार



प्रतापपुर। ग्राम पंचायत दवनकरा के दर्रीपारा में सौर पंप का पाइप टूटा व गांव के लोगों को हो रही पेयजल संकट को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशन किया। खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन न सिर्फ हरकत में आया बल्कि तत्काल ग्रामीणों की परेशानी को दूर करने खुद ही जनपद सीईओ राधेश्याम मिर्जा स्थानीय ग्रामीण से मौके पर पहुंचकर क्रेडा विभाग के अधिकारियों के अलावा ग्राम सरपंच और सचिव को भी फटकार लगाई। उन्होंने वर्तमान में पानी की दिक्कतों से ग्रामीण लोगों को बहाल करने के लिए तात्कालिक व्यवस्था करते हुए जनपद सीईओ ने मौके पानी की टैंकर भेजा जिससे स्थानीय ग्रामीण व छोटे बच्चों, बुजुर्गों, महिलाएं काफी खुश हो गए। जनपद सीईओ राधेश्याम मिर्जा ने कहा कि ऐसा अगर कहीं कोई दिक्कत आए पानी की तो तत्काल हमें सूचित करें। हम मौके को देखते हुए तत्काल व्यवस्था बहाल करने की पूरी कोशिश करेंगे।

# शौचालय निर्माण को लेकर दो गुटों में मारपीट, जमकर चले लाठी, डंडे व टांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पांच लोग गंभीर रूप से घायल, जांच में जुटी पुलिस

ग्राम पर्री में शौचालय निर्माण के दौरान जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई है। इस घटना में एक पक्ष ने दूसरे परिवार पर लाठी डंडे, टांगी व अन्य हथियारों से हमला किया है। इस घटना में पांच लोग घायल हुए है जिनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। मामले में पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पर्री में राजेश कुमार राजवाड़े, निदेश प्रसाद द्वारा अपनी जमीन पर शौचालय का निर्माण कराया जा रहा था। आरोप है कि शौचालय निर्माण के दौरान गांव का भीमराज, लालसाय, मनोहर, प्रवीण, रामराज, लक्षा, सुमित्रा, कदमकुंवर सहित एक दर्जन लोग लाठी डंडा, फावड़ा, टांगी व अन्य हथियार लेकर पहुंचे और शौचालय निर्माण को लेकर विवाद शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने राजेश कुमार राजवाड़े के निर्माणाधीन शौचालय से लगे दीवार को गिरा दिया और उसके बाद सभी पर हमला कर दिया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में राजेश कुमार राजवाड़े, दिनेश प्रसाद व समेत पांच लोगों को गंभीर चोट आई है। इनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। घायलों को पुलिस की मदद से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम को घटना स्थल के लिए रवाना किया गया है। घटना की जांच उपरान्त दोषियों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।


घायल ग्रामीण।

# सार्वजनिक स्थल पर शराब पीते पकड़े गए 9 आरोपी



**अंबिकापुर**। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने अलग अलग स्थानों में कार्रवाई करते हुए कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि सरगुजा पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत शराब पीने वालों पर नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस द्वारा गाड़ाघाट खैरबार रोड़ किनारे सार्वजानिक स्थल पर शराब पीने के मामले में भगवानपुर शांतिपारा निवासी 63 वर्षीय सुशांत मालाकार, 62 वर्षीय श्यामलाल पाल, 48 वर्षीय संजय कुमार पांडेय को पकड़ा है। वहीं मणीपुर पुलिस द्वारा दर्रीपारा हनुमान मंदिर रोड गली में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के मामले में गांधीनगर तुलसी चौक निवासी 27 वर्षीय संतोष कुमार, भगवानपुर निवासी 39 वर्षीय धनंजय केशरी को पकड़ा है। सीतापुर पुलिस द्वारा रजौटी मुख्य मार्ग में शराब पीने के मामले में सीतापुर ढोढ़ागांव निवासी 21 वर्षीय विजय खलखो, कुनमेरा निवासी 20 वर्षीय कमिल साय, बाजारडांड छपरी में वंदना निवासी 44 वर्षीय दामोदर प्रसाद सिंह, रजौटी बरपारा निवासी 47 वर्षीय सुधीर खेस को धारा 36(च) के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, थाना प्रभारी मणीपुर दुर्गेश्वरी चौबे, थाना प्रभारी सीतापुर भरत लाल साहू, सउनि लल्लन गुप्ता, शिवचरण साहू, प्रधान आरक्षक रजनीकांत मिश्रा, अजय पाण्डेय, अमित प्रताप सिंह, रंजीत लकड़ा, आरक्षक समीर तिर्की, शिव राजवाड़े, अतुल शर्मा, पंकज देवांगन शामिल रहे।

# सरपंच-सचिव व सहायक विक्रेता डकार गए हितग्राहियों का राशन

- साढ़े तीन लाख के चावल, चना, नमक, शक्कर गबन मामले में दो गिरफ्तार

**अंबिकापुर**। बलरामपुर जिले की शंकरगढ़ क्षेत्र में हितग्राहियों के चावल, चना, नमक, शक्कर में डाका डालने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने लगभग साढ़े तीन लाख रुपए का राशन गबन कर डाला। ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के मामले में जांच उपरान्त जिला खाद्य अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने ग्राम भुनेश्वर के सरपंच, सचिव व सहायक विक्रेता के खिलाफ अपराध दर्ज किया है वहीं अब मामले में आरोपी सचिव व सहायक विक्रेता को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम भुनेश्वर के ग्रामीणों द्वारा 3 जून को एसडीएम से राशन गड़बड़ी की शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद एसडीएम के निर्देश अपर खाद्य निरीक्षक शंकरगढ़ छविला पैकरा द्वारा मामले की जांच की गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि अगस्त 2023 में शासकीय उचित मूल्य दुकान भुनेश्वर में 126 राशन कार्ड धारियों को 25 क्विंटल खाद्यान्न का वितरण किया गया था और 269 राशन कार्ड धारकों को राशन नहीं मिला। अगस्त माह के डीओ के अनुसार उचित मूल्य दुकान में कुल 122.81 क्विंटल चावल, 702 क्विंटल चना, 7.01 क्विंटल नमक, 3.51 क्विंटल शक्कर भंडारण हुआ था जिसमें वितरण पश्चात 97.81 क्विंटल चावल, चना 5.7 क्विंटल, शक्कर 2.80 क्विंटल व नमक 5.59 क्विंटल उपलब्ध होना चाहिए था लेकिन जांच के दौरान दुकान से चावल, चना, शक्कर व नमक गायब था। अधिकारियों के अनुसार गबन किए गए चावल का बाजार मूल्य 293430 रुपए, चना बाजार मूल्य 25200 रुपए, शक्कर बाजार मूल्य 11200 रुपए व नमक का बाजार मूल्य 11180 रुपए है। जांच में यह बात पुष्ट हुई कि ग्राम पंचायत भुनेश्वरपुर के सरपंच सविता पैकरा, सचिव रामगहन राम एवं सहायक विक्रेता वनस्पति पैकरा द्वारा उक्त खाद्यान्न सामग्रियों को गबन कर राशि 3 लाख 41 हजार 10 रुपए का गबन कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है। जांच उपरांत जिला खाद्य अधिकारी एसबी कामठे की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सरपंच, सचिव व सहायक विक्रेता के खिलाफ धारा 420, 409, आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा (3)(7) के तहत अपराध दर्ज किया है। वहीं इस मामले में पुलिस ने सचिव रामगहन राम एवं सहायक विक्रेता वनस्पति पैकरा को गिरफ्तार कर लिया है।



# विश्व रक्तदाता दिवस पर मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक व आम नागरिकों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- रक्तदान दाताओं को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित


शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के साथ ही शिविर लगाया गया। शिविर में चिकित्सकों के साथ ही आम नागरिकों ने स्वयं से उपस्थित होकर रक्तदान किया। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर मेडिकल कॉलेज मदर टेरेसा नर्सिंग कॉलेज में 34 यूनिट रक्तदान किया गया। आज विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मेडिकल कॉलेज के प्रभारी डीन डॉ. राजेश श्रीवास्तव, अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या, सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी, चंदू लाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज की डीन व मेडिकल कॉलेज की एचओडी डॉ. रंजना आर्य शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए मानव हित में रक्तदान करने का आह्वान किया जिससे जरुरत पड़ने पर लोगों को रक्त समय रहते उपलब्ध कराया जा सके। आज शिविर के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। वहीं कांग्रेस नेता परवेज आलम गांधी ने भी मेडिकल कॉलेज में पहुंचकर रक्तदान किया। चिकित्सकों द्वारा रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं मेडिकल कॉलेज में भी स्वैच्छिक रक्तदान करने वालों के लिए सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रक्तदान दाताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. लखन सिंह, आर्थो विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरुणेश सिंह, प्रभारी डॉ. जगरानी लकड़ा, सीएमएचओ डॉ. आरएन गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी आदि मौजूद थे।


रक्तदार करते चिकित्सक।



हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24 वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

संकलनकर्ता रामचरित द्विवेदी
हरिभूमि प्रतिनिधि मनेन्द्रगढ़, जिला - एम. सी. बी.
8319651960, 9425583677


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

श्याम बिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
विधायक - मनेन्द्रगढ़ विधानसभा

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

वेंकटेश सिंह
उपाध्यक्ष
युवा कांग्रेस एम.सी.बी. मनेन्द्रगढ़

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
वनमंडलाधिकारी
वनमंडल मनेन्द्रगढ़
जिला - एम. सी.बी., (छ.ग.)

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
एके नर्सिंग कॉलेज

एके ओझा
संचालक
पता - पानी टंकी के पास चैनपुर मनेन्द्रगढ़
जिला - एम. सी. बी. (छ.ग.)

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विकासखंड शिक्षा अधिकारी
मनेन्द्रगढ़, जिला - एम. सी. बी. (छ.ग.)

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

इशहाक खान
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़
जिला - एम. सी. बी. (छ.ग.)

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
परिवहन जांच चौकी
खोंगापानी, मनेन्द्रगढ़
जिला - एम. सी. बी. (छ.ग.)

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शंकर राव
लेखापाल
नगर पालिका परिषद
जिला - एम. सी. बी. (छ.ग.)

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

शरण सिंह
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
मनेन्द्रगढ़, जिला - एम. सी. बी. (छ.ग.)

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

अनीता फरमानिया
डि. प्रेसिडेंट मनोनित
द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

सुरेश श्रीवास्तव
पूर्व उपाध्यक्ष
नगर पालिक परिषद मनेन्द्रगढ़

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

जसवीर सिंह कालरा
अध्यक्ष
हास्य योग सेवा समिति मनेन्द्रगढ़
एवं समस्तगण

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

गुलाब कमरो
पूर्व विधायक
भरतपुर - सोनहत विधानसभा

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़
(एडमिशन ओपन) 2024-25
एम. सी. बी. जिले में विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थान
9770235280, 6266158677

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

अशोक श्रीवास्तव
जिलाध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी एम. सी. बी.

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
ब्लासम एकेडमी स्कूल
कॉलेज रोड मनेन्द्रगढ़, जिला - एम. सी. बी.
जसपाल सिंह कालरा डायरेक्टर
सोनिया कालरा प्राचार्या
एवं समस्त शिक्षकगण



# करन ने नए सितारों को दी ये सलाह ...

**नई दिल्ली।** करण जौहर बुधवार को मुंबई में अपनी आने वाली प्रोडक्शन किल के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शामिल हुए। फिल्म मेकर ने इंडस्ट्री में बढ़ती हुई एन्टोरेज लागत के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि 'एन्टोरेज लागत हमारी समस्याओं में सबसे छोटी है। यह कलाकारों का मुख्य पारिश्रमिक है जिस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। मुझे लगता है कि सभी एक्टर्स के लिए यह समझना बहुत अहम है कि समय कैसा है। हमारी फिल्मों का माहौल कैसा है, किसी भी साइज की बड़ी मोशन पिक्चर बनाना कितना कठिन और मुश्किल है। फिल्म निर्माण की प्रक्रिया में शामिल अतिरिक्त लागतों के बारे में विस्तार से बताते हुए केजेओ ने कहा, 'यह बहुत मुश्किल है।

## लाइफ Style



# तापसी इतना भाव क्यों खाती है!

तापसी पन्नू बॉलीवुड की वो एक्ट्रेस हैं, जो फिल्मों और अपने काम से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। खासतौर से अपने बर्ताव के लिए। उन्हें अक्सर पपाराजी पर चिल्लाते या गुस्सा करते हुए देखा जा चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस बार भी वो इसी कारण फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। उनका एटिट्यूड देख यूजर्स उन्हें जमकर खरी-खोटी सुना रहे हैं। एक ने लिखा, 'मुझे समझ में नहीं आता कि आप भी स्वघोषित सेलिब्रिटी के साथ सेल्फी क्यों लेना चाहते हैं।' दूसरे ने कॉमेंट किया, 'क्या है यार ये... अपने फैंस की रिक्वेस्ट करो उनकी वजह से हो।' अन्य लिखते हैं, 'ये इतना भाव क्यों खाती है, कुछ फिल्में करके।'

वीडियो में तापसी पन्नू अपनी बहन शगुन के साथ आती हुई दिख रही हैं। उन्हें देखते ही पपाराजी उन्हें रुककर पोज देने की रिक्वेस्ट करते हैं। कुछ फैंस भी हैं, जो सेल्फी लेने के लिए बेकरार दिखे। सभी 'मैम मैम...' कहते हुए उनसे तस्वीर खिंचवाने की गुजारिश कर रहे हैं, लेकिन तापसी किसी की एक नहीं सुनती हैं। कार का दरवाजा खोलते हुए तापसी कहती हैं, 'हट जाइये, प्लीज हट जाइये। आप मेरे बहुत पास आ रहे हैं।' इसके बाद वो गुस्से में अपनी कार में जाकर बैठ जाती हैं। तापसी का ये बर्ताव देखने के बाद यूजर्स गुस्से से तमतमा गए हैं। कुछ लोग तो ये भी कह रहे हैं कि कोई इसका फैन कैसे हो सकता है!

## हॉलीवुड मसाला



# अपने नाम से 'पिट' हटाएंगी...

**लॉस एंजिलिस।** एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की सबसे बड़ी बायोलॉजिकल बेटी शिलोह जोली-पिट ने 18 साल की होने के तुरंत बाद अपने आखिरी नाम (सरनेम) से 'पिट' हटाने के लिए कानूनी कागज कार्रवाई दायर की है। कभी हॉलीवुड के फेमस स्टार कपल रहे एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट के रिश्ते खराब हो चुके हैं। अब उनसे जुड़ी एक बड़ी रिपोर्ट सामने आई है। बताया जा रहा है कि एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की सबसे बड़ी बेटी शिलोह जोली-पिट ने कथित तौर पर अपने आखिरी नाम से 'पिट' हटाने के लिए कानूनी कागजी कार्रवाई दायर की है।



# प्रैक्टिकल मैजिक के सीक्वल में नजर आएंगी सैंड्रा-निकोल

**लॉस एंजिलिस।** साल 1998 में आई वार्नर ब्रदर्स के बैनर तले बनी फिल्म प्रैक्टिकल मैजिक के सीक्वल को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। हाल ही में स्टूडियो ने जानकारी दी है कि फिल्म के दूसरे भाग में सैंड्रा बुलॉक और निकोल किडमैन दोबारा नजर आ सकती हैं। सोशल मीडिया पर दी गई जानकारी के अनुसार दोनों से इस फिल्म को लेकर बातचीत चल रही है। रॉबिन स्विकॉर्ड और एडम ब्रूक्स के साथ मूल फिल्म लिखने वाले अकीवा गोल्ड्समैन इस फिल्म की भी पटकथा लिखेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सैंड्रा और निकोल फिल्म से निर्माता के तौर पर मूल फिल्म के प्रोड्यूसर डेनिस डि नोवी के साथ जुड़ सकती हैं। फिलहाल, सीक्वल की कहानी के बारे में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी साझा नहीं की गई है।



# दिलीप कुमार को याद कर हुईं भावुक

**मुंबई।** अभिनेत्री फरीदा जलाल अपने करियर में राजेश खन्ना की हीरोइन रह चुकी हैं। राजेश खन्ना के अलावा उन्होंने दिलीप कुमार के साथ फिल्म 'गोपी' में काम किया था। दिलीप कुमार के बातें करते हुए अभिनेत्री कहती हैं, 'दिलीप साहब का दिल सोने का था। उनकी शालीनता की मैं क्या मिसाल दूं। उन जैसा कोई हो ही नहीं सकता है। सेट पर आप उनको देखकर कह ही नहीं सकते थे कि ये सुपर स्टार हैं'। 'मुझे अच्छी तरह से याद है जब मुझे 'गोपी' फिल्म ऑफर की गई थी तब मैंने दिलीप कुमार और मीना कुमारी के साथ काम करने के लिए तुरंत हां कर दिया था। एक कलाकार और इंसान के तौर पर मुझे दोनों से काफी कुछ सीखने को मिला था। मैं आज भी दिलीप कुमार और मीना कुमारी की फैन हूं'।



# बॉर्डर के पूरे हुए 27 साल मनाया जश्न...

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा की कल्ट फिल्मों में शामिल 'बॉर्डर' ने गुरुवार को अपनी रिलीज के 27 साल पूरे कर लिए। इस खास मौके पर फिल्म के सीक्वल का भी ऐलान हो चुका है। सनी देओल ने सोशल मीडिया पर फिल्म की आधिकारिक घोषणा गुरुवार (13 जून) को कर दी। इस अवसर पर अभिनेता जैकी श्रॉफ ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर खास अंदाज में फिल्म के 27 साल पूरे होने का जश्न मनाया है। दरअसल, अभिनेता ने फिल्म में अपने अभिनय को याद करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने सीन की एक क्लिप पोस्ट की है। वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने अपने सह-कलाकारों को टैग किया। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ ने वायु सेना के अधिकारी विंग कमांडर आनंद बाजपेयी का किरदार निभाया था।

## टीवी मसाला




# 'बिग बॉस ओटीटी 3' के घर में होगी मीका सिंह की एंट्री?

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी' का तीसरा सीजन जल्द ही दर्शकों के बीच धमाल मचाने के लिए तैयार है। हर कोई यह जानने के लिए उत्साहित है कि इस बार रियलिटी शो में कौन भाग लेगा, वहीं अब खबर आई है कि गायक मीका सिंह को भी अनिल कपूर के शो के लिए अप्रोच किया गया है। कथित तौर पर, निर्माता शोबिज की दुनिया से एक लोकप्रिय नाम को लाने की योजना बना रहे हैं। पिछले साल उनके पास अभिनेत्री-निर्माता पूजा भट्ट थीं, अब वे मीका सिंह को शो में लाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक यह पुष्टि नहीं हुई है कि मीका की मेकर्स के साथ डील फाइनल हुई है या नहीं। 'बिग बॉस ओटीटी 3' का प्रीमियर 21 जून को जियो सिनेमा पर होगा और इसे अनिल कपूर होस्ट करेंगे। शो की मेजबानी के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए, अनिल कपूर ने पहले कहा था, "बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैं! हम दोनों दिल से जवान हैं; लोग अक्सर मजाक में कहते हैं कि मैं उल्टा बूढ़ा हो रहा हूं, लेकिन बिग बॉस वाकई अच्छा शो है। यह कुछ हद तक स्कूल वापस जाने जैसा लगता है, कुछ नया और रोमांचक करने की कोशिश करना।

## मोना सिंह ने ठुकरा दिया था करण ओबेरॉय से शादी का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** करण ओबेरॉय और मोना सिंह की मुलाकात साल 2006 में टीवी शो 'जस्सी जैसी कोई नहीं' की शूटिंग के दौरान हुई थी। सेट पर एक दूसरे के साथ ज्यादा समय बिताने के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी थीं। हालांकि, कुछ समय तक डेट करने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया था। हाल ही में एक साक्षाकार के दौरान अभिनेता ने अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात की। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि वह मोना से शादी करना चाहते थे, लेकिन अभिनेत्री ने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया था। उस समय को याद करते हुए करण ने मोना को बेपरवाह और खुलकर हंसने वाली शख्सियत बताया, जिसकी वजह से वह उनकी ओर आकर्षित हुए थे। उन्होंने कहा कि भले ही दोनों का रिश्ता टूट गया हो, लेकिन उनके मन में मोना के लिए कोई भी बुरी भावना नहीं है। करण ने स्वीकार किया कि उस समय वह इस दृष्टिकोण को नहीं समझ पाए थे।



# फिल्म फसल के सॉन्ग 'बलमु के हिपिया' ने मचाई धूम...

**नई दिल्ली।** भोजपुरी फिल्म फसल की जोरदार धूम है। फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिला और इसमें दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे लीड रोल में है। मरून कलर सडिया गाना इसका यूट्यूब पर जमकर धूम मचा रहा है। इस गाने में भोजपुरी की यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे और जुबली स्टार निरहुआ नजर आ रहे है। लेकिन आप जानते हैं कि मरून कलर सडिया और फसल में जान बसल गानों की खूब धूम है। इन भोजपुरा गानों में निरहुआ और आम्रपाली दुबे की केमेस्ट्री को जमकर पसंद किया जा रहा है। लेकिन भोजपुरी फसल का एक और गाना भी है जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है।



हम बात कर रहे हैं फसल फिल्म के गाने बलमु के हिपिया को खूब पसंद किया जा रहा है। भोजपुरी सिनेमा की सुपरहिट जोड़ी दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे के गाने और फिल्में जब भी आती हैं तो बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा देती है। ऐसा ही कुछ फसल के बारे में भी कहा जाता है। लेकिन इसके गाने भी कम धूम नहीं मचा रहे है। बलमु के हिपिया (यहां हिपिया से अर्थ हिप्पी कट हेयर स्टाइल से है)।

# 15 अगस्त को रिलीज नहीं होगी फिल्म 'पुष्पा 2'

**नई दिल्ली।** टी सीरीज की फिल्म 'खेल खेल में' के इस साल 15 अगस्त को रिलीज होने की बात तय होते ही अब ये भी तय हो चला है कि इस दिन फिल्म 'पुष्पा 2' रिलीज नहीं हो रही है। फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज 15 अगस्त को होनी है, ये तय होने के बाद से तमाम हिंदी और दूसरी भाषाई फिल्मों ने अपनी फिल्मों की रिलीज डेट आगे पीछे कर ली थी। सबसे पहले इस तारीख पर फिल्म रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' उर्फ 'सिंघम 3' आने का एलान हुआ था लेकिन 'पुष्पा 2' के इसी तारीख को आने की घोषणा के बाद एक सुपरहिट फिल्म की सख्त जरूरत महसूस कर रहे निर्देशक रोहित शेट्टी ने अपनी फिल्म 'सिंघम अगेन' को खिसकाकर दिवाली के पास कर लिया था। फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज टलने के बाद भी अजय देवगन की इस फिल्म के अब 15 अगस्त को वापस रिलीज होने की संभावना नहीं है। अजय देवगन ने इस बारे में पूछे जाने पर गुरुवार को भी इससे इनकार ही किया।




जानकारी के मुताबिक फिल्म 'पुष्पा 2' में मुख्य विलेन बने मलयालम सिनेमा के अभिनेता फहद फासिल इन दिनों कई फिल्में एक साथ कर रहे हैं और फिल्म 'पुष्पा 2' के लिए मिली उनकी तारीखों का उपयोग किया भी जा रहा था।

# 1976 की सुपरहिट फिल्म, स्क्रिप्ट सुनते-सुनते ही सो गए थे शत्रुघ्न सिन्हा

*हिंदी सिनेमा का दिग्गज सितारा, जिन्होंने अपने करियर की शुरुआत में कई छोटे-छोटे रोल किए दमदार आवाज वाले वो स्टार हैं शत्रुघ्न सिन्हा। साल 1976 में उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया था, जिसके लिए वह पहली पसंद ही नहीं थे। लेकिन, इसी फिल्म ने उन्हें रातोंरात स्टार बनाया था। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। देखते ही देखते वह लीड एक्टर्स की जमात में खड़े हो गए। लेकिन यहां तक आने के लिए उन्हें काफी कुछ झेलना पड़ा था। तब जाकर एक्टर की नैया पार लगी थी।*

**नई दिल्ली।** आज इंडस्ट्री के दिग्गज कहलाने वाले स्टार शत्रुघ्न सिन्हा को साल 1976 में फिल्म कालीचरण में काम करने का मौका मिला था। इसी फिल्म के बाद उनकी किस्मत का सितारा चमका था। इससे पहले उन्होंने जिन फिल्मों में काम किया, उनसे उन्हें वो पहचान नहीं मिली, जो इस फिल्म से मिली। फिल्म कालीचरण में शत्रुघ्न सिन्हा को पहली बार लीड रोल में अपना टैलेंट दिखाने का मौका मिला था। फिल्म में बतौर स्टार उनकी जिंदगी बदल दी। वह रातोंरात स्टार बन गए थे। फिल्म इतनी बड़ी हिट साबित हुई थी कि फिल्म के डायलॉग लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगे थे।



## राजेश और सुनील को ऑफर हुई थीं फिल्म

शत्रुघ्न सिन्हा से पहले ये फिल्म राजेश खन्ना और सुनील दत्त जैसे स्टार्स को भी ऑफर हुई थी। लेकिन बात नहीं बनी। क्योंकि फिल्म से किस्मत तो राजेश खन्ना की चमकने वाली थी, फाइनली फिल्म उनके हिस्से में आई और देखते ही देखते वह मेकर्स की पहली पसंद बन गए। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म के लिए सुभाष घई ने ही डायरेक्टर सिप्पी साहब को शत्रुघ्न सिन्हा का नाम दिया था। लेकिन जब सुभाष घई उनके पास स्क्रिप्ट लेकर गए तो कहानी सुनते -सुनते शत्रुघ्न सिन्हा सो गए थे। फिर भी उन्होंने फिल्म के लिए एक्टर को राजी कर लिया था और यही फिल्म उनके लिए मील का पत्थर साबित हुई थी। बता दें एक समय ऐसा भी था जब फिल्म 'खिलौना' से तो शत्रुघ्न सिन्हा को बाहर ही कर दिया गया था। तब इस फिल्म की लीड एक्टर मुमताज ने डायरेक्टर से झगड़कर एक्टर को फिल्म में दोबारा से काम दिलाया था। दोनों कॉलेज टाइम से ही अच्छे दोस्त रहे हैं।

# जब हेलेन संग रिलेशनशिप में आए सलीम खान, अरबाज सलमान को किया घर से दूर



**मुंबई।** अरबाज खान के पॉपुलर पॉडकास्टर 'द इनविंसिबल्स' पिछले साल यूट्यूब शुरू हुआ। इस चैट शो के पहले एपिसोड में उन्होंने अपने पिता, स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान का इंटरव्यू लिया था। यह टॉक शो काफी चर्चित रहा। इसमें सलीम ने अपनी पर्सनल लाइफ, शादीशुदा होत हुए हेलेन से संग रिलेशनशिप और शादी और बच्चों के साथ उनके व्यवहार के बारे में बात की थी। अब इस इंटरव्यू का एक अनकट वर्जन जारी किया गया है। इस इसमें सलीम खान को दूसरी शादी और बच्चों को बोर्डिंग स्कूल के बारे में बात करते हुए देखा जा सकता है। अरबाज खान ने अपने पिता से सलमा खान से शादी के बारे में पूछा। उन्होंने ये भी पूछा कि चुनौती के दौरान उन्होंने दोनों तरफ की फैमिली को कैसे एक साथ लाकर खड़ा किया? अरबाज ने सलीम खान से पूछा कि हेलेन के रिलेशनशिप में रहने के दौरान उन्हें (अरबाज) और सलमान खान को बोर्डिंग स्कूल में क्यों भेजा गया? सलीम खान ने कहा कि वह नहीं चाहते थे कि अरबाज और सलमान की एजुकेशन में किसी भी तरह की बाधा न आए। उन्होंने कहा, 'जाहिर है, तुम दोनों परेशान होते, जिसका असर तुम्हारी पढ़ाई पर पड़ता। लेकिन मैं तुम्हें 2 साल बाद वापस ले आया।'

## सलमा खान ने सबसे पहले हेलेन को एक्सेप्ट किया

अरबाज खान ने फिर पिता से पूछा कि उन्होंने बिना किसी फैमिली को छोड़े इस स्थिति को कैसे संभाला। सलीम ने जवाब दिया, 'उस समय, यह बहुत ज़रूरी था कि मेरी मंशा सभी को समझ में आए, मेरे बच्चे, घर के सदस्य, सभी जानते थे कि मैं परिवार या हेलेन को नहीं छोड़ना चाहता। तुम्हारी मां सलमा ने सबसे पहले हेलेन को स्वीकार किया और धीरे-धीरे सभी ने मिलजुलकर रहना शुरू कर दिया।'

## सलीम ने बताया कठिन चुनौती

सलीम खान ने यह भी कहा कि कई लोगों ने फिल्मों और असल जिंदगी में इस तरह के रिश्ते को दिखाने की कोशिश की है, लेकिन दोनों तरफ के लोगों को एक जैसी इम्पोर्टेंस देना बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा, 'यही बात इसे इतना चुनौतीपूर्ण बनाती है।' सलीम खान ने 1964 में सुशीला चरक से शादी की, जिन्होंने बाद में अपना नाम सलमा खान रख लिया। उनके तीन बेटे हैं - सलमान खान, अरबाज खान और सोहेल खान। सलीम खान ने 1981 में हेलेन से शादी की थी।

14 Ambikapur-BHOOMI-pg-6_Layout 1 6/14/2024 11:01 PM Page 1

# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24 वां स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



























14 Ambikapur-BHOOMI-pg 8-0_Layout 1 6/14/2024 10:51 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### नगर में चलाया गया सफाई अभियान सीएमओ ने संभाला मोर्चा

**सीतापुर।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर पंचायत को खोई प्रतिष्ठा वापस दिलाने नगर में नगर में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर के गली मोहल्लों में सालों से जमा कचरा साफ कर नगर को स्वच्छ बनाया जा रहा है। इस अभियान की कमान नगर पंचायत सीएमओ ने खुद संभाल रखी है। जिनके दिशानिर्देश में सफाईकर्मी नगर से गंदगी साफ करने दिन रात एक कर दिए है। विदित हो कि नगर पंचायत में व्याप्त लचर व्यवस्था के कारण नगर की सारी व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई थी। साफ सफाई के अभाव में नगर का माहौल काफी दूषित हो गया था। चौक चौराहों के अलावा गली मोहल्लों में जमा गंदगी की वजह से नगर की छवि धूमिल होने लगी थी। लोगों द्वारा सूचित करने के बाद भी नगर पंचायत सफाई को लेकर गंभीर नहीं था। लोकसभा चुनाव के दौरान हुए फेरबदल में पुराने को हटाकर नए सीएमओ की पदस्थापना की गई। जिसके बाद से नगर के व्यवस्था में काफी सुधार देखने को मिल रहा है। खासकर साफ सफाई को लेकर नगर पंचायत काफी मुस्तैद नजर आ रही है। नगर के चौक चौराहों से लेकर गली मोहल्लों की सफाई को लेकर अभियान छेड़ दिया गया है। इस अभियान की कमान खुद सीएमओ ने संभाल रखी है। इस अभियान के तहत नाली से लेकर गलियों में सालों से जमा कचरा साफ किया जा रहा है। इस सफाई अभियान के बाद नगर पंचायत स्वच्छ भारत अभियान के तहत अपनी खोई प्रतिष्ठा वापस पाने में कामयाब होगी या नहीं यह तो आने वाला समय ही बताएगा लेकिन दिन रात चल रहे सफाई अभियान के बाद नगर का माहौल काफी हद तक स्वच्छ नजर आने लगा है। इस संबंध में सीएमओ नगर पंचायत ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि नगर को साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनाना मेरी प्राथमिकता में है। इसके लिए युद्धस्तर पर नगर की साफ सफाई कराई जा रही है। इस अभियान की निगरानी स्वयं मेरे द्वारा की जा रही है।

### शिक्षक एवं प्रधान पाठकों को दिया गया एफएलएन पद्धति का प्रशिक्षण



**कुसमी।** विकासखंड स्तरीय आधारित चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आयोजित किया गया। विकासखंड को तीन जोन कुसमी, सामरी व चांदो जोन में विभाजित कर प्राथमिक स्तर के सभी शिक्षक एवं प्रधान पाठकों को एफएलएन शिक्षण पद्धति बुनियादी भाषा एवं संख्यात्मक ज्ञान पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डीआरजी के रूप में शैलेन्द्र गुप्ता, सतीश भगत एवं प्रियंका तिवारी, प्रथम चरण प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी हरकेश भारती की इस प्रशिक्षण में सक्रिय रहे। आज चौथे दिवस प्रशिक्षण के अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामपथ यादव एवं विकास खंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए इस प्रशिक्षण को सभी स्कूल में पूर्ण रूप से लागू करने हेतु निर्देशित किया।

### जरूरतमंद लोगों को रक्तदान करने पर कंवर समाज का किया गया सम्मान



**सूरजपुर।** अंतरराष्ट्रीय रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य विभाग व विधायक भुलन सिंह मरावी द्वारा कंवर समाज को जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान कराने पर प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सर्वाधिक रक्तदान करने पर डॉ. राजेश पैकरा, मोतीलाल पैकरा, रामवृक्ष पैकरा, शिवकुमार पैकरा, देव प्रसाद पैकरा, गनेश्वर पैकरा, इंद्रभान सिंह पैकरा व देवेंद्र पैकरा को जिला स्वास्थ्य विभाग व विधायक भुलन सिंह मरावी द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान कंवर समाज के जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ पैकरा व जिला कोषाध्यक्ष महेश पैकरा उपस्थित थे।

## निधन

### दिलीप चंद अग्रवाल

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर गुरुद्वारा गली निवासी किराना व्यवसायी दिलीप चंद अग्रवाल का शुक्रवार की सुबह 6 बजे निधन हो गया। वे करीब 90



वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम कुरवाँ रेण नदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम में किया गया जिन्हें मुखाग्नि छोटे पुत्र राकेश अग्रवाल ने दी। वे अपने पीछे पांच पुत्र सुभाष अग्रवाल, रामावतार अग्रवाल, भाजपा नेता अशोक अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, राकेश अग्रवाल व पांच पुत्री सहित भरापूरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।

## देर रात तक अंधेरे में रहा आधा शहर, देर रात तक मरम्मत में जुटे रहे विद्युतकर्मी

# अंधड़ के साथ हुई प्री-मानसून की वर्षा, विद्युत लाइन पर पेड़ों की डाल गिरने से ठप रही बिजली



घड़ी चौक पर विद्युत लाइन का सुधार करते विद्युतकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लम्बे इंतजार के बाद शुक्रवार को मौसम मेहरबान हुआ। तेज रफ्तार अंधड़ एवं गरज-चमक के साथ शहर सहित पूरे क्षेत्र में हल्की से मध्यम वर्षा हुई। मौसम विज्ञानी मौसम में आए बदलाव को प्री-मानसून की गतिविधियां बता रहे हैं।

**खास बात**

- बारिश से गिरा तापमान लोगों को मिली राहत शहर में हुई 6 मिमी वर्षा

शुक्रवार को सुबह से ही आसमान पर बादलों की आवाजाही जारी रही। सुबह आसमान की आवाजाही जारी रही। सुबह आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही आधे घंटे तक हल्की बूंदाबांदी हुई। दिन में तेज धूप निकलने के बाद अपरान्ह 1 बजे दो बारा बूंदाबांदी हुई। कुछ देर बाद आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही तेज रफ्तार अंधडचला एवं गरज-चमक के साथ वर्षा हुई। इस दौरान कहीं हल्की तो कहीं मध्यम स्तर की वर्षा हुई। प्री-मानसून की गति विधियां प्रारंभ होने से 3-4 दिन में मानसून के प्रभावी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। प्री-मानसून की बारिश से किसान काफी उत्साहित हैं। बेज रफ्तार अंधड़ से शहर में जगह-जगह पेड़ों के उखड़ने एवं डालों के गिरने से विद्युत लाइन को काफी क्षति पहुंची है। मौसम विज्ञानी 50 से 60 किमी प्रतिघंटे रफ्तार का अंधड़ चलने की बात कह रहे हैं। तेज अंधड़ के प्रभाव के कारण घड़ी चौक पर एक पेड़ उखड़ कर विद्युत लाइन पर गिर गया जिसके कारण आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति डेढ़ घंटे तक बाधित रही। इस दौरान एक महिला के घायल होने की भी सूचना है।

विद्युतकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद कहीं वैकल्पिक व्यवस्था कर तो कहीं क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत के बाद देर शाम आपूर्ति को सुचारू किया। अंधड़ से प्रतापपुर रोड स्थित फारेस्ट कॉलोनी के पास विद्युत लाइन पर पेड़ की डाल गिर गई है वहीं एमजी रोड एवं संस्कृत विद्यालय डिगमा के पास विद्युत लाइन पर पेड़ की डालें गिरने से विद्युत अपूर्ति घंटों बाधित रही। विद्युतकर्मी क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन की मरम्मत कर रहे हैं। कार्यपालन अभियंता एसपी कुमार ने बताया कि क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन का सुधार किया जा रहा है। देर शाम तक सभी प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत अपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

**गर्मी से राहत नहीं**

भीषण गर्मी के बाद प्री-मानसून की वर्षा से रात के तापमान में गिरावट होने की संभावना है। इधर मौसम विज्ञानी वर्षा होने के बावजूद आगामी दो दिनों तक गर्मी से राहत नहीं मिलने का अनुमान लगा रहे हैं। शनिवासर को चिलचिलाती धूप निकलने पर लोगों को भीषण गर्मी एवं उमस का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विज्ञानी शनिवार को अपरान्ह में एक बार फिर मौसम में बदलाव होने के साथ ही अंधड़ व गरज-चमक के साथ बौछारें गिरने का अनुमान लगा रहे हैं। प्री-मानसून की गतिविधियां प्रारंभ होने के बाद मानसून की तरंगों को गतिशील होने के साथ ही तीन-चार दिनों में मानसून के दस्तक देने की उम्मीदें जताई जा रही है। मौसम कार्यालय द्वारा शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41.0 डिग्री एवं वर्षा के बाद शाम 5.30 बजे 30.2 डिग्री, न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस तथा वर्षा 0.5 मिमी रिकार्ड किया गया है। शहर में 6.0 मिमी से अधिक वर्षा हुई है।

## मौसम ने ली करवट, तेज हवा व बारिश के साथ विद्युत पोल व पेड़ हुए क्षतिग्रस्त



**बिश्रामपुर।** शुक्रवार की दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव होने उपरांत तेज आंधी व बारिश होने से कई पेड़ व विद्युत पोल गिरकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिसकी वजह से घंटों विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई। ज्ञात हो कि आज शुक्रवार दोपहर करीब पौने चार बजे अचानक मौसम बदल गया, जिससे जयनगर थाना प्रांगण में स्थित एक गुलमोहर का पेड़ सिलफिली फीडर की 11 केवी हाइटेंशन लाइन पर गिर गया, जिसके चपेट में आने से एक कार व स्कूटी वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है। हाइटेंशन लाइन के गिरने से थाना में मौजूद पुलिस कर्मी बाल बाल बच गए, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। इसी तरह जयनगर थाना से कुछ दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत कुंजनगर अटल चौक के पास दो विद्युत पोल तेज आंधी की चपेट में आने से धराशाई हो गए हैं। साथ ही वन विभाग कार्यालय जयनगर के सामने से गुजरी 11 केवी हाइटेंशन टाउन फीडर लाइन पर भी एक पेड़ गिर गया था। इस वजह से घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। देर शाम मरम्मत कार्य उपरांत टाउन फीडर की विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी है लेकिन ग्राम पंचायत कुंजनगर बस्ती में विद्युत व्यवस्था देर शाम तक बहाल नहीं हो पाई है।

- हाई टेन्शन तार टूटकर गिरने से जयनगर थाना के पुलिसकर्मी बाल बाल बचे



## केनापारा पर्यटन स्थल के मछली पालन केज से चार क्विंटल मछली की चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पर्यटन स्थल केनापारा में स्थित मछली पालन केज में गुरुवार की बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा करीब चार क्विंटल मछली चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केनापारा में स्थित पर्यटन स्थल के मछली पालन केज में मछली पालन कार्य हेतु शासन के मंशानुरूप मां महामाया मछुआ सहकारी समिति मर्यादित केनापारा को जिम्मेदारी दी गई है। जहां पर गुरुवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा करीब चार क्विंटल मछली की चोरी कर ली गई है। चोरी की उक्त पूरी वारदात सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई है। मछली पालन के समिति पदाधिकारियों द्वारा शुक्रवार को मामले की शिकायत जयनगर थाना में दर्ज करा दी गई है। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात चोरों की शिनाख्ती करके उनकी तलाशी सरगर्मी से शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि करीब महीने भर पूर्व भी यहां पर कुछ लोगों द्वारा करीब एक क्विंटल मछली की चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा चुका है।

- सीसीटीवी फूटेज में क़ैद हुई चोरी की वारदात
- मछली संचालन समिति ने जयनगर थाना में दर्ज कराई रिपोर्ट
- एक महीने के अंतराल में दूसरी बार हुई चोरी,पूर्व में एक क्विंटल मछली चोरी कर ले जा चुके हैं अज्ञात बदमाश

## बारिश व आंधी में टूटे पेड़, स्कूलों के उड़े शेड





क्षतिग्रस्त स्कूल भवन एवं उखड़ा पेड़।


हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शुक्रवार की दोपहर आए तेज आंधी तूफान और बारिश ने जमकर तबाही मचाई। कहीं साइन बोर्ड टूट गए तो कहीं पेड़ उखड़ कर बिजली के खंभों और घरों में गिर गए। विद्युत तार के जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो जाने से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। ग्राम मोहनपुर में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत नवनिर्मित शेड तेज आंधी से उड़ गए। ग्राम रामनगर में एक घर पर पेड़ गिरने से एक ही परिवार के 6 बच्चे सहित 8 लोग दब गए। इधर घटना की जानकारी लगते ही सरपंच ललिता रोहित सिंह टेकाम ने गांव के अन्य लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाल अपने साधन से उदयपुर अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना उदयपुर एसडीएम बीआर खांडे को दी गई। उन्होंने तत्काल उदयपुर पुलिस और शासकीय अस्पताल की टीम से बात की। घायलों के पहुंचने से पूर्व सभी लोग अलर्ट मोड में थे। घायलों के पहुंचते ही सभी बच्चों का तत्परतापूर्वक चिकित्सक एवं नर्सों द्वारा उपचार शुरू किया गया। बताया जा रहा है सभी बच्चे अब खतरे से बाहर है। आज जिस पर से तेज आंधी तूफान से नुकसान हुआ है ऐसे में आने वाले दिनों में और भी गंभीर परिणाम देखने को मिल सकते हैं खासकर मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत लाखों की लागत से सैकड़ों स्कूलों में निर्माण कराए गए सेड को नुकसान हो सकता है।

- घर पर पेड़ गिरने से 6 बच्चे सहित 8 लोग हुए घायल

## परिजन को सूचना दिए बिना घायल को कर दिया रिफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



अंबिकापुर मार्ग के गोटगावा के समीप 2 दिन पूर्व वाहन की टक्कर से बाइक सवार वन विभाग के फॉरेस्ट सिपाही की अंबिकापुर स्थित निजी अस्पताल में मौत हो गई। हैरानी की बात यह है कि दुर्घटना में घायल फॉरेस्ट सिपाही को अज्ञात लोगों ने प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। इधर ड्यूटी में तैनात स्टाफ ने घायल के परिजन को सूचना देना भी मुनासिब नहीं समझा जबकि घायल का मोबाइल जेब में ही बजता रहा। वही चिकित्सकों ने न तो परिजन को और न ही पुलिस को सूचना दिए ही रेफर कर दिया। जिसे लेकर परिजन सहित लोगों में काफी आक्रोश है।

- शहर के निजी अस्पताल में घायल ने तोड़ा दम

जानकारी के अनुसार प्रतापपुर निवासी मिलन सिंह चौहान (32 वर्ष) दो दिन पूर्व अपने सर्किल से ड्यूटी कर घर आ रहा था। इसी बीच रास्ते में अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे फॉरेस्ट सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। अज्ञात लोगों ने घायल को सड़क पर अचेत हालत में देख एंबुलेंस से प्रतापपुर स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां मिलन सिंह चौहान अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। रात्रि ड्यूटी में पदस्थ चिकित्सकों ने लापरवाही करते न तो परिजन और न ही थाना में सूचना दिए बगैर घायल कर रेफर कर दिया। इधर परिजन घायल को पूरी रात खोजबीन की और सुबह पता चला कि घायल को अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है। आनन फानन में परिजन अंबिकापुर अस्पताल में पहुंचे और घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां दो दिन जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष के बाद में बीती रात युवक ने दम तोड़ दिया। परिजन सहित नगर के लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ चिकित्सक सहित स्टाफ ने समय पर सूचना दी होती तो घायल का समय पर उपचार शुरू होने जान बच सकती थी। परिजन सहित नगर के लोगों ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। स्वास्थ्य विभाग की यह पहली लापरवाही की घटना नहीं है इससे पूर्व में भी इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी है। प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र के रात्रि ड्यूटी में रहने वाले चिकित्सक लापरवाही का सामना करते हैं। चिकित्सकों के साथ में रात्रिकालीन पूरा स्टाफ विहीन होता है। रात में किसी प्रकार की घटना होती है तो घायलों का समय पर उपचार नहीं मिल पाता बल्कि उपचार में देरी के कारण मरीज दम तोड़ देता है।

**कराई जाएगी जांच**

मरीज के पास मोबाइल या परिचय पत्र है तो उसके आधार पर परिजन और थाना को सूचित करना चाहिए था। रात्रि कालीन में किसका ड्यूटी लगाया गया था उसकी जांच कराई जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र के अव्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।

-डॉ. आरएस सिंह
सीएमएचओ सूरजपुर

### मृतकों के वारिसों को 24 लाख की मंजूरी

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान 1 दिसंबर 2022 में निहित प्रावधान अनुसार राजस्व पुस्तक 6 (4) के परिशिष्ट 1 की कंडिका 6 (1) के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत करने का प्रावधान है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

## टैलेंट हंट अकादमी ब्लू ने जीती अंडर 19 ड्यूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

टैलेंट हंट क्रिकेट एकेडमी बिश्रामपुर द्वारा आयोजित अंडर 19 ड्यूस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब टैलेंट हंट क्रिकेट एकेडमी बिश्रामपुर ब्लू ने विरोधी टीम को 119 रनों से हराते हुए जीत लिया ,टूर्नामेंट का अंतिम मुकाबला टैलेंट हंट ब्लू और बिश्रामपुर टाइटन के बीच खेला गया। अय्यप्पा ग्राउंड में आयोजित प्रतियोगिता में दोनों टीमों के कप्तान रोहित यादव और स्वास्तिक केसरी टॉस के लिए उतरे जिसमें ब्लू के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, ब्लु टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 192 रन बनाए।इसमें विक्रम ने 63 रन एवं दिव्यांशु ने तीस रन साई बनाकर अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए बिश्रामपुर टाइटन की टीम मात्र 73 रन बनाकर ढेर हो गई। फाइनल मैच में विक्रम को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।टूर्नामेंट में अजय यादव को बेस्ट बैट्समैन,तौसीफ को बेस्ट बॉलर पूर्वी रजवाडे को बेस्ट फील्डर तथा अक्षत सिंह को बेस्ट कीपर के अवार्ड के साथ पुरस्कृत किया गया।इस दौरान दीपक लाल भारती प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किये गये । जूनियर ग्रुप में हर्षित गोयल, ईशान,यश बंसल,आदित्य अग्रवाल, समवर्ती, अथर्व, वासु अग्रवाल व आरुष को सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के समापन अवसर पर सूरजपुर के व्यवसायी राहुल अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे, अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष यादव ने की।विशिष्ट अतिथियों में अजय नायर, राजेश जैन,राम बहादुर लांबा, धनवीर सिंह खेड़ा, राजेश यादव, मनी बग्गा,अरुण गुप्ता व सुनील सिंह उपस्थित थे।आयोजन को सफल बनाने उग्रसेन केसरी, अमित मित्तल, सहित अन्य क्रिकेट प्रेमी सक्रिय रहे।

- बिश्रामपुर टाइटन की टीम को फाइनल मुकाबले में 119 रन से दी शिकस्त
- दीपक लाल भारती बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, विक्रम को मैन ऑफ द मैच से नावाजा गया



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

24वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

# सरगुजा-कोरिया भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, शनिवार, 15 जून 2024

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई को

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के दिशानिर्देशन में 13 जुलाई 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। लोक अदालत की तैयारी को लेकर 11 जून को समस्त न्यायिक अधिकारियों, 12 जून को जिले में संचालित समस्त बैंक ब्रांच मैनेजर, अधिकारी, 13 जून को बीमा कंपनी से संबंधित अधिवक्ताओं एवं 14 जून को सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं वन विभाग अधिकारी के साथ गोविन्द नारायण जांगड़े, जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सूरजपुर के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में 13 जुलाई को होने वाली लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा प्रकरण रखे जाने तथा उनके निराकरण किये जाने पर चर्चा किया गया। आगामी लोक अदालत जिला एवं सत्र न्यायालय सूरजपुर, कुटुम्ब न्यायालय सूरजपुर, तालुका न्यायालय प्रतापपुर एवं जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों में आयोजित होंगे व पक्षकारों की सुविधा के लिए प्रकरण के पक्षकारों को भौतिक रूप से एवं वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग दोनों मुख्य माध्यमों से मामलों में सुलह की सुविधा प्रदान की जाएगी। लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित आपसी विवाद के मामले, व्यवहारवाद, मोटर दुर्घटना दावा, पारिवारिक विवाद, जिला न्यायालय में वर्षों से लंबित प्रकरण एवं राजस्व प्रकरणों को रखे जायेगें। बैंक ऋण, बकाया बिजली बिल, जल के बकाया देयकों के प्री लिटिगेशन प्रकरणों में पक्षकारों को नियमानुसार छूट के पात्र होगें।

### पिछले 10 साल में 87 हजार से ज्यादा साल के पौधों को मिश्रित प्लांटेशन में किया जा चुका है रोपित

# परसा-केते क्षेत्र में साल की नर्सरी तैयार करने में आरआरवीयूएनएल को मिली बड़ी सफलता



विभिन्न प्रजाति के पौधों का तैयार नर्सिरी।



प्लांटेशन में तैयार साल के पेड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कहा जाता रहा है कि साल एक जंगली पेड़ है जो घने जंगलों में अपने आप ही उग जाता है। इसे अन्य जगहों पर नहीं उगाया जा सकता है। लेकिन इन भ्रांतियों को आरआरवीयूएनएल ने अब झूठा साबित किया है। एमडीओ अदाणी के बागवानी विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने न सिर्फ साल के पौधों की नर्सरी तैयार की बल्कि माइंस के रिक्लेमेशन एरिया में उगाकर एक नए जंगल को तैयार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पिछले 10 वर्षों से अब तक 87 हजार से ज्यादा साल के पौधों को मिश्रित प्लांटेशन के रूप में रोपित किया जा चुका है, जो लगभग 20 से 30 फीट ऊंचा पेड़ बन चुके हैं। बागवानी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने बताया कि आरआरवीयूएनएल की खदान परसा ईस्ट केते बासेन खुली खदान परियोजना उदयपुर तहसील में है। खनन का कार्य वर्ष 2012 में शुरू किया गया था। इसके लिए वन विभाग द्वारा जंगलों में वर्ष वार लक्ष्यों के अनुसार कुछ पेड़ों का विदोहन किया जाता है। जंगल में साल, महुआ, खैर, बरगद, बीजा, हर्रा, बहेरा इत्यादि प्रजाति के पेड़ शामिल हैं, जिनमें से साल पेड़ ऐसा पेड़ है जो सिर्फ जंगलों में ही उगता है और इसकी लकड़ी में कभी घुन नहीं लगता है। साल का पेड़ 100 साल खड़ा और 100 सालों तक पेड़ के रूप में लकड़ी के रूप में सुरक्षित रहता है। पीईकेबी खदान ने पौधरोपण में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पीईकेबी खदान के रेकलैम्ड क्षेत्र में अक्टूबर 2023 तक 11.50 लाख से अधिक पेड़ लगाए गए हैं। जो सबसे बड़ा पौधरोपण अभियान है। पीईकेबी खदान ने वन विभाग के मार्गदर्शन में वर्ष 2023-24 में इस अभियान के तहत 2.10 लाख से अधिक पेड़ लगाए हैं।

#### खास बात

- पीईकेबी खदान के रेकलैम्ड क्षेत्र में अक्टूबर 23 तक लगाए गए 11.50 लाख से अधिक पौधे

#### इस तरह तैयार की नर्सरी

कुछ बड़े विश्वविद्यालयों के बागवानी विभाग के प्रोफेसर के साथ मिलकर इसके बीजों के उत्पत्ति और रिजनरेशन के बारे में कई दिनों तक नियमित रूप से अध्ययन के पश्चात पता चला कि साल पेड़ के बीजों का रिजनरेशन मई-जून के महीने में शुरू हो जाता है। बारिश होने पर ये बीज जमीन में झड़ जाते हैं और स्वतः ही गीले मिट्टी में मिलकर रिजनरेट होना शुरू हो जाते हैं। कंपनी ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर जंगलों में जाकर इन बीजों को इकट्ठा करना शुरू किया और इन्हें अपने नर्सरी में उपचार कर पौधे बनाना शुरू किया। साल पौधे के अलावा 43 तरह की प्रजातियों के पौधे जैसे- खैर, बीजा, हर्रा, बहेरा, बरगद, सागौन, महुआ के साथ-साथ कई फलदार पेड़ आम, अमरूद, कटहल, पपीता इत्यादि के पौधों को तैयार किया गया है। नर्सरी में विकसित इन पौधों का रोपण कर हर एक पौधों को ड्रिप इरिगेशन के माध्यम से पानी देकर बड़ा किया जाता है, जो अब एक पूर्ण विकसित जंगल का रूप लेता जा रहा है।



# दुकान में सेंधमारी कर 3 लाख का धान बीज उठा ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बीती रात शहर से लगे ग्राम चठिरमा में धान बीज दुकान में चोरों ने सेंधमारी की है। चोर दुकान से लगभग 3 लाख रुपए का धान बीज लेकर फरार हो गए। इस घटना की शिकायत गांधीनगर पुलिस से की गई है।

बताया जा रहा है कि चठिरमा चौक के समीप महेश गुप्ता की धान बीज की दुकान संचालित है। व्यवसायी 12 जून की रात लगभग 8 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। आज सुबह व्यवसायी किसानों के लिए धान बीज लेने बाजार जाने के लिए निकला था। इस दौरान जब वह अपनी दुकान के पास पहुंचा तो दुकान के पीछे सामान बिखरा पड़ा था। ऐसे में उसने दुकान का शटर उठाकर देखा तो अंदर की दीवार में छेद थी। संभावना जताई जा रही है कि बीती रात चोरों ने दीवार में सेंधमारी की है और वारदात में चार से पांच लोगों के शामिल होने की आंशका है क्यों कि दुकान से लगभग 30 बोरी धान बीज चोरी हुआ है जिसे पिकअप या अन्य चार पहिया वाहन की मदद से चोर लेकर गए है। व्यवसायी के अनुसार इससे पहले भी उसके दुकान में सेंधमारी हो चुकी है ऐसे में इस घटना को रेकी कर अंजाम दिए जाने की बात कही जा रही है। घटना में व्यवसायी को 3 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

### सूरजपुर में 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**सूरजपुर।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि प्रजनन को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3, उपधारा-2 के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक बंद ऋतु क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त नदियों-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब जलाशय जो निर्मित किए गए हैं या किए जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः बंद रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनो एक साथ होने का प्रावधान है। केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नालों से नहीं है वहां लागू नहीं होंगे।



# हरिभूमि बिलासपुर के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..




























हरिभूमि 24 वाँ
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई


हरिभूमि
24 वाँ
स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
अंकित तिर्की
प्रदेश कार्य समिति सदस्य
भाजपा अ.ज.जा. मोर्चा
प्रदेश सचिव
जनजाति गौरव युवा समाज छ.ग.


हरिभूमि 24 वाँ
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई
बंटी अग्रवाल
साई ट्रेडर्स
चोपड़ापारा, अम्बिकापुर
8224031000


हरिभूमि
24 वाँ
स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
आतिफ रज़ा
पापुलर बस सर्विस
अम्बिकापुर


हरिभूमि 24 वाँ
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई
ईरफान सिद्दीकी
प्रदेश उपाध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ छ.ग.


हरिभूमि
24 वाँ
स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
प्रमोद चौधरी
पार्षद, नगर पालिक निगम अम्बिकापुर


हरिभूमि 24 वाँ
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई
विश्व विजय सिंह तोमर
जिलाध्यक्ष
भारतीय जनता युवा मोर्चा, सरगुजा


हरिभूमि 24 वाँ
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई
कृतिका सिंह
सरपंच
विनोद हर्ष
जिला उपाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी सरगुजा
एवं उपसरपंच
ग्राम पंचायत केदमा, जिला-सरगुजा


हरिभूमि
उत्कृष्ट पत्रकारिता
एवं पाठकों के विश्वास
24 वर्ष
हरिभूमि 24 वाँ
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई
विकास पाण्डेय
जिला मंत्री
भारतीय जनता पार्टी सरगुजा


हरिभूमि 24 वाँ
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई
हरिभूमि
उत्कृष्ट पत्रकारिता
एवं पाठकों के विश्वास
24 वर्ष
अंचल ओझा
समाज सेवी अम्बिकापुर


हरिभूमि 24 वाँ
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई
हरिभूमि
उत्कृष्ट पत्रकारिता
एवं पाठकों के विश्वास
24 वर्ष
अखिलेश सोनी
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ,भारतीय जनता पार्टी छ.ग.
पूर्व प्रदेशाध्यक्ष-ओबीसी मोर्चा छ.ग.


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
के 24वें
स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
जायसवाल होटल
गांधी चौक, अम्बिकापुर
मो. 9617121117, 9425254117, 9009662777
श्यामलाल जायसवाल
आयुष जायसवाल


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री जमुना अलंकार
[redacted] पता : सदर रोड, अम्बिकापुर [redacted]
जमुना अलंकार मंदिर
[redacted] पता : संगम चौक, देवीगंज रोड, अम्बिकापुर [redacted]
8319914825, 9826765210, 6261674695


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रचित मिश्रा
प्रदेश सचिव- आजाद सेवा संघ छ.ग.
मो.नं. 7898630309


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
हरिभूमि
उत्कृष्ट पत्रकारिता
एवं पाठकों के विश्वास के
24 वर्ष
प्रकाश राय
कांट्रेक्टर
अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
हरिभूमि
उत्कृष्ट पत्रकारिता
एवं पाठकों के विश्वास
24 वर्ष
विंध्येश्वर शरण सिंहदेव
(विंकी बाबा)
सरगवां पैलेस अम्बिकापुर


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
हरिभूमि
उत्कृष्ट पत्रकारिता
एवं पाठकों के विश्वास
24 वर्ष
शफी अहमद
पूर्व अध्यक्ष
श्रम कल्याण मंडल छ.ग. शासन


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
हरिभूमि
उत्कृष्ट पत्रकारिता
एवं पाठकों के विश्वास के
24 वर्ष
चिंतामणी महाराज
सांसद
सरगुजा लोकसभा क्षेत्र